Stepping Stone School (High)
Sub:- 2nd Lang (Hindi)
Class:- III
Worksheet No. (12)
Date:- 08/05/20
Time Limit :- 30 mins.

(दिए गए निबंध को ध्यानपूर्वक पढ़िए और देखकर लिखिए तथा याद करिए।)

भारतीय किसान

भारत एक कृषि प्रधान देश है। भारत में किसानों का बहुत महत्त्व है। किसान बहुत ही मेहनती होते हैं। वे दिन-भर धूप में, गर्मी में, बरसात में और कड़ाके की सर्दी में खेतों में काम करते हैं और अनाज का उत्पादन करते हैं।

किसान ज़्यादातर गाँव में रहते हैं। किसान की मेहनत के कारण ही हम सभी को विभिन्न तरह की सब्जियाँ, फल और अनाज प्राप्त होता है। वे दिन भर कठिन परिश्रम करते हैं ताकि सबको भोजन मिल पाए। ज़्यादातर किसानों को पढ़ने-लिखने का समय कम मिलता है जिसके कारण वे अधिक नहीं पढ़ पाते हैं। हमें किसानों की मदद करनी चाहिए और उनको सम्मान देना चाहिए।

(दिए गए रेखांकित वर्तनी को भी उतारें और याद करें)

Scanned with CamScanner